न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर ग्रामीण

प्रकरण संख्या :— ग्रामीण 03/24

प्रार्थी	वनाम	अप्रार्थी
केनरा बैंक बोरानाडा, जोधपुर जरिये प्राधिकृत अधिकारी शिशिर कुमार		• सरोज कंवर पत्नी गुलाब सिंह प्लॉट न. 10, कंवर नगर, कुड़ी भगतासनी, जोधपुर

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002

उपस्थिति :—

आदेश दिनांक :— 18.03.2024

1—श्री विरेन्द्र सिंह इन्दा अधिवक्ता (प्रार्थीपक्ष)

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.

आदेश

प्रार्थी पक्ष की ओर से यह प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 14, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अप्रार्थीगण सरोज कंवर पत्नी गुलाब सिंह व अन्य के विरूद्ध पेश हुआ।

प्रार्थना—पत्र के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी के द्वारा अप्रार्थीगण को कुल राशि रूपये 33,97,000/— आवासीय व डेयरी ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा पुनर्भुगतान हेतु अप्रार्थीगण **सरोज कंवर पत्नी गुलाब सिंह** की जायदाद **प्लॉट बी—30/2, खसरा न. 287/350/14, ग्राम कुड़ी भगतासनी, जोधपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 175 वर्गगज, जिसके उत्तर में प्लाट नंबर बी—30/2/1, दक्षिण में प्लाट नंबर बी—29, पूर्व में प्लाट नंबर बी—30/1, पश्चिम में 30 फीट रोड़ आया हुआ,** को प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में रहन/हाईपोथिकेशन कर दिया। अप्रार्थीगण द्वारा नियमित रूप से प्रार्थी बैंक/कम्पनी को ऋण का भुगतान करने मे असफल रहने पर प्रार्थी [illegible] राशि मय ब्याज के अदा करने हेतु उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत अप्रा[illegible] के नाम से नोटिस जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात भी अप्रार्थी[illegible] राशि मय ब्याज दिनांक 15.10.2023 तक 32,01,760/— रूपये भुगतान नहीं करने पर प्रार्थी बैंक ने अ[illegible]ण के द्वारा

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.17 18:44:31 IST
Reason: SelfAttested

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.

बतौर जमानत रहन/हाईपोथिकेशन रखी गई सम्पत्ति का कब्जा प्रार्थी बैंक को सम्भलाने हेतु यह प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया तथा प्रार्थीपक्ष को सुना। प्रार्थी बैंक/वित्तीय कम्पनी द्वारा अप्रार्थीगण को राशि रूपये 33,97,000/– आवासीय व डेयरी ऋण सुविधा प्रदान की है तथा अप्रार्थीगण बतौर प्रतिभूति उक्त जायदाद प्रार्थी के पक्ष में रहन रखी एवं अप्रार्थीगण से दिनांक 15.10.2023 तक 32,01,760/– रूपये वसूल किये जाने है। अप्रार्थीगण को नोटिस भी जारी किये गये तथा नोटिस प्राप्ति/सूचना के पश्चात् भी अप्रार्थीगण द्वारा देय राशि का भुगतान नहीं किया है। "दी सिक्युराईटेशन एवं रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एस्सेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटीइन्ट्रेस्ट (सेकण्ड) एक्ट, 2002" की धारा 14 में उक्त रहन रखी गई सम्पत्ति को प्रार्थी बैंक के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। अतः उपरोक्त तथ्यों के सन्दर्भ मे प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीपक्ष सरोज कंवर पत्नी गुलाब सिंह द्वारा प्रार्थी बैंक/कम्पनी के पक्ष में प्रतिभूति के रूप रखी गई अपनी उक्त जायदाद **सरोज कंवर पत्नी गुलाब सिंह** की जायदाद **प्लॉट बी–30/2, खसरा नं. 287/350/14, ग्राम कुड़ी भगतासनी, जोधपुर जिसका कुल क्षेत्रफल 175 वर्गगज जिसके उत्तर में प्लाट नंबर बी–30/2/1, दक्षिण में प्लाट नंबर बी–29, पूर्व में प्लाट नंबर बी–30/1, पश्चिम मे 30 फीट रोड़ आया हुआ,** का कब्जा अप्रार्थीगण से प्राप्त कर जरिये संबंधित पुलिस, प्रार्थी को सम्भलाये जाने का आदेश दिया जाता है। आदेश की प्रति संबंधित थानाधिकारी एव प्रार्थी बैंक/कम्पनी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाय।

आदेश आज दिनांक 18.03.2024 को सुनाया गया।

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर ग्रामीण

जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर (ग्रामीण) राज.

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट ... (ग्रामीण) राज.

Signature Not Verified

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.17 18:44:31 IST
Reason: SelfAttested